इटावा पुलिस

प्रेस नोट थाना साइबर क्राइम- दिनांक 24.05.2026

इटावा साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा शादी के आमंत्रण पत्र के नाम से APK फाइल डाउनलोड कराकर पीड़िता के 5,30,000/- रुपये के प्रकरण में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए 5,30,000/- रुपये शत प्रतिशत वापस कराए गए।

जनपद में साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव** के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक अपराध साइबर क्राइम (नोडल अधिकारी साइबर क्राइम) के कुशल पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी अपराध के मार्गदर्शन में थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा मा0 न्यायालय के आदेश के क्रम में पीड़िता के 5,30,000/-रु0 शत प्रतिशत वापस कराए गए।

घटना का संक्षिप्त विवरण- वादिनी स्फूर्ति कुशवाहा पत्नी आशीष कुमार निवासी गौशाला रामगंज, थाना कोतवाली, जनपद इटावा के मोबाइल फोन पर अज्ञात साइबर अपराधी द्वारा **शादी के आमंत्रण पत्र के नाम से एक APK फाइल** भेजी गयी। वादिनी द्वारा उक्त फाइल को डाउनलोड किए जाने के पश्चात अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा **दिनांक 04.03.2026 को उनके बैंक खाते से कुल 5,30,000/-रु0** की साइबर ठगी की गयी।

उक्त प्रकरण के संबंध में थाना साइबर क्राइम, जनपद इटावा पर तत्काल **मु0अ0सं0 10/2026, धारा 318(4) बीएनएस एवं 66D आईटी एक्ट** के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रकरण में थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा त्वरित विवेचनात्मक कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक खातों का विवरण प्राप्त किया गया तथा मा० न्यायालय के आदेश के अनुपालन में नियमानुसार आज दिनांक 24.05.2026 को **सम्पूर्ण धनराशि ₹5,30,000/-** वापस कराकर पीड़िता के बैंक खाते में वापस कराई गई। **अपनी सम्पूर्ण धनराशि वापस प्राप्त होने पर पीड़िता द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम एवं जनपद इटावा पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।**

साथ ही थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा पीड़िता को भविष्य में साइबर अपराधों से बचाव हेतु आवश्यक जानकारी देकर जागरूक भी किया गया।

अपने धन की वापसी होने पर पीड़िता द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम एवं इटावा पुलिस की सराहना की गई तथा विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

क्र0सं0	नाम वादिनी	वापस करायी गयी धनराशि
01.	स्फूर्ति कुशवाहा पत्नी आशीष कुमार	5,30,000/-

नोट- इटावा साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा दिनांक 01.01.2026 से अब तक लगभग 30,00,000/-रु0 की धनराशि वापस करायी गयी।

पुलिस टीम- प्र0नि0 श्री राकेश शर्मा थाना साइबर क्राइम मय टीम।

यदि आप साइबर ठगी के शिकार हो जाएं तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें अथवा cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें। सतर्क नागरिक ही सुरक्षित समाज की पहचान है।

इटावा पुलिस — आपकी सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर।